कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर

व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)–492002
Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782,
Website- https://vyapam.cgstate.gov.in

क्रमांक / व्यापम / 2023 / 1559 रायपुर, दिनांक 08/05/23

प्रेस विज्ञप्ति

संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण (प्रशिक्षण पक्ष) की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रशिक्षण अधिकारियों के विभिन्न रिक्त पदों पर भर्ती हेतु परीक्षा 2023

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा संचालक, संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण (प्रशिक्षण पक्ष), इंद्रावती भवन, नवा रायपुर के पत्र क्रमांक एफ 1–708 (2)/संरोप्र/स्थाप–प्रशि/भर्ती/2023/Q नवा रायपुर, दिनांक 06.05.2023 द्वारा प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रशिक्षण अधिकारियों की भर्ती परीक्षा 2023 हेतु संभावित तिथियों (परीक्षा कार्यक्रम) का निर्धारण किया गया है । **अभ्यर्थी व्यापम के पोर्टल में प्रोफाइल रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) करने के पश्चात् उसी प्रोफाइल पर लॉगिन कर निम्नानुसार ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे –**

1.	ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि	–	08.05.2023 (सोमवार)
2.	ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि	–	28.05.2023 (रविवार) रात्रि 11:59 बजे तक
3.	त्रुटि सुधार	–	29.05.2023 से 31.05.2023 तक

उपरोक्त भर्ती परीक्षाओं हेतु माननीय मुख्यमंत्री जी की बजट सत्र के दौरान की गई घोषणा के अनुरूप एवं लिखित परीक्षा के लिए परीक्षा शुल्क के सम्बंध में राज्य शासन से प्राप्त पत्र सचिव, छ.ग. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, द्वारा परीक्षा शुल्क माफ किये जाने के सम्बंध में जारी पत्र क्रमांक एफ 10–2 /2022/एक(1), दिनांक 08 अप्रैल 2022 के अनुसार छ.ग. राज्य के स्थानीय निवासी प्रतिभागियों से किसी भी प्रकार की परीक्षा शुल्क नहीं लिया जावेगा ।

इस सम्बंध में विस्तृत जानकारी व्यापम की वेबसाइट **vyapam.cgstate.gov.in** पर उपलब्ध है।

कृपया उक्त विज्ञप्ति परीक्षार्थियों के हित में अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में एवं प्रदेश से मुद्रित होने वाले सभी संस्करणों में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

संयुक्त नियंत्रक
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
रायपुर